# संभागायुक्त ने तीन घंटे बच्चों के बीच बिताए ,विद्यार्थियों को वालंटियर बनाने की तैयारी

## शिक्षा और टीकाकरण व्यवस्था परखी, स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्र पहुंचे, कलेक्टर ने देखा फ्रीगंज रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण, दिए आवश्यक निर्देश

**उज्जैन। एक ओर जहां संभाग स्तर पर शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी समीक्षा की गई, वहीं दूसरी ओर शहर की आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए निर्माण कार्यों की प्रगति पर भी सख्ती दिखाई गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि विकास और जनसेवा दोनों मोर्चों पर कार्यों की नियमित निगरानी जारी रहेगी। कमिश्नर और कलेक्टर दोनों ने अलग-अलग दौरे मंगलवार को किए।**

संभाग में शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत जानने के उद्देश्य से संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने मंगलवार को विभिन्न स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों का सघन निरीक्षण किया। करीब तीन घंटे तक उन्होंने बच्चों और शिक्षकों के बीच रहकर अध्ययन-अध्यापन की गुणवत्ता, खेल आधारित शिक्षण पद्धति तथा टीकाकरण और पोषण व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान संभाग आयुक्त जीवाजीगंज स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मोहन नगर पहुंचे, जहां उन्होंने कक्षा एक और दो के बच्चों के साथ जमीन पर बैठकर उनकी पढ़ाई की गतिविधियों को देखा और समझा। बच्चों से सीधे संवाद करते हुए उन्होंने उनकी पाठ्यपुस्तकों से पढ़वाया। बालिका इशिता, जानवी और बालक मोहित ने पाठ पढ़कर सुनाया, जिस पर उन्होंने उनकी सराहना की। खेलो पढ़ो अभियान के अंतर्गत बच्चों को खेल-खेल में अक्षर ज्ञान कैसे दिया जा रहा है, इसका प्रदर्शन भी शिक्षकों ने किया। आयुक्त ने मूल्यांकन पद्धति, परिणाम आधारित सीट और शिक्षण नवाचारों की जानकारी ली तथा शिक्षकों से सुधार के बिंदुओं पर चर्चा की।



लालपुर में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के शिविर में पहुंचकर संभाग आयुक्त ने विद्यार्थियों से संवाद किया। आगामी सिंहस्थ 2028 के संदर्भ में उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों को वालंटियर के रूप में तैनात किया जाएगा। इसके लिए इच्छुक विद्यार्थियों की सूची तैयार कर उन्हें चरणबद्ध प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस संबंध में शीघ्र बैठक आयोजित कर कार्ययोजना बनाई जाएगी, ताकि सिंहस्थ महापर्व के दौरान सुव्यवस्थित सेवाएं दी जा सकें।

### गांधी नगर वार्ड क्रमांक 6 की आंगनबाड़ी पहुंचे संभागायुक्त

इसके बाद संभाग आयुक्त गांधीनगर वार्ड क्रमांक 06 तथा लालपुर स्थित आंगनवाड़ी केंद्र पहुंचे। यहां उन्होंने नवजात शिशुओं, छोटे बच्चों और गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण की व्यवस्था का निरीक्षण किया। आंगनवाड़ी स्टाफ से पोषण आहार वितरण, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और गंभीर स्थिति में उपचार की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि टीकाकरण और पोषण संबंधी सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए तथा सभी हितग्राहियों का समय पर पंजीयन और फॉलोअप सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान बच्चों के बीच सहज वातावरण दिखाई दिया। आयुक्त ने बच्चों के साथ फोटो भी खिंचवाई और उनसे उनके सपनों व भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। बच्चों ने भी उत्साह के साथ संवाद में भाग लिया।

### कलेक्टर ने ब्रिज देखा

इसी क्रम में मंगलवार को कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने फ्रीगंज रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। होटल ग्रांड के समीप पहुंचकर कार्य की प्रगति देखी और संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। विशेष रूप से विद्युत पोल शिफ्टिंग का कार्य आगामी तीन दिवस में पूर्ण करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग सेतु के कार्यपालन यंत्री पीएस पंत को निर्माण गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर में



### फैशन शो, 38 छात्राओं ने किया रैंप वॉक

उज्जैन। शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन पल्लवन 2026 का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ हुआ। प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित उद्घाटन सत्र में उच्च शिक्षा विभाग (उज्जैन संभाग) के अतिरिक्त संचालक डॉ. एचएल अनिलजवाल और प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस माधव महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कल्पना सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहीं। स्नेह सम्मेलन का मुख्य आकर्षण फैशन शो रहा, जिसमें 38 छात्राओं ने आत्मविश्वास के साथ रैंप वॉक किया। इसमें प्रियांशी चौहान ने प्रथम, सलोनी शिवहरे ने द्वितीय और निधि शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने कलात्मक प्रतिभा दिखाई, जिसमें योगिता कुशवाह प्रथम, आशा नागर द्वितीय और चंचल चौरसिया तृतीय स्थान पर रहीं। शुभारंभ संगीत विभाग की सरस्वती वंदना से हुआ। इसके बाद प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता द्वारा रचित महाविद्यालय के 'कीर्ति गान' की सस्वर प्रस्तुति ने माहौल में उत्साह भर दिया। डॉ. सीमा उपाध्याय के निर्देशन में छात्राओं ने भारतीय त्योहारों पर आधारित नृत्य-नाटिका प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्वागत भाषण छात्रसंघ प्रभारी डॉ. कविता जैन मंगलम ने दिया। मुख्य अतिथि डॉ. अनिलजवाल ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्राओं की ऊर्जा और सृजनात्मकता को प्रोत्साहित करते हैं। डॉ. कल्पना सिंह ने आयोजन की सराहना करते हुए महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को उत्कृष्ट बताया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने कहा कि व्यक्तित्व में बाहरी से अधिक आंतरिक सौंदर्य का महत्व है। फैशन शो का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति कौशल को विकसित करना है। संचालन डॉ. स्मिता देराश्री और डॉ. रूपा भावसार ने किया। आभार प्रशासनिक अधिकारी डॉ. महेंद्र जैन ने माना। आयोजन को सफल बनाने में डॉ. कविता जैन, डॉ. सरिता यादव, डॉ. मीना मोघे, डॉ. भावना नागर, डॉ. एकता दुबे, डॉ. मीरा यादव, रुपाली झीनीवाल और डॉ. योगिता खटके का विशेष सहयोग रहा।



### प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान

उज्जैन। शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सूर्य सागर दिगम्बर जैन स्कूल में वार्षिक गतिविधियों के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। आचार्य सूर्य सागर महाराज के परिजनों, विद्यार्थियों और अभिभावकों की मौजूदगी में यह गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. लाभचंद जैन एवं डॉ. चिराग जैन यशलहा (इंदौर) उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन और आत्मविश्वास का विकास भी उतना ही आवश्यक है। विद्यालय में होने वाली गतिविधियां प्रतिभा को निखारने का महत्वपूर्ण माध्यम बनती हैं। संस्था अध्यक्ष रमेशचंद कासलीवाल सहित अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर अरविंद टोंग्या, राजेश कासलीवाल, अजय कुमार जैन, जिनेन्द्र जैन चने वाले, प्रकाश झांझरी, महिपाल गंगवाल तथा प्रफुल्ल कुमार जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापक विजय जैन ने बताया कि सूर्य सागर दिगम्बर जैन स्कूल अपनी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और संस्कारयुक्त वातावरण के लिए पहचाना जाता है। यहां शिक्षा के साथ-साथ खेल, सांस्कृतिक, बौद्धिक एवं रचनात्मक गतिविधियों को समान महत्व दिया जाता है, जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके। संस्था निरंतर प्रगति करते हुए समाज में श्रेष्ठ शिक्षा प्रदान कर रही है। कार्यक्रम के अंत में आभार संस्था मंत्री संजय कुमार जैन ने माना।

### 15 मार्च को गूंजेंगे भजन



उज्जैन। पूज्य सिंधी साहिती पंचायत एवं राष्ट्रीय सिंधी मंच की विशेष बैठक धनवानी हॉल में दीपक बेलानी के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में समन्वयक संयोजक महेश परियानी के मार्गदर्शन में होने वाले चेटीचंड महापर्व के आयोजन की रूपरेखा तय की गई। इस दौरान दीपक बेलानी ने घोषणा की कि पर्व के उपलक्ष्य में विश्व प्रसिद्ध भजन गायक मोहित लालवानी अपनी प्रस्तुति देने उज्जैन आएंगे। दीपक राजवानी ने बताया कि मोहित लालवानी का कार्यक्रम 15 मार्च, रविवार को शाम 7 :00 बजे से सतनाम सिंधी कॉलोनी में आयोजित किया जाएगा। लालवानी पहली बार उज्जैन आ रहे हैं। इस घोषणा का सभागृह में मौजूद सैकड़ो समाजजनों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। बैठक में संरक्षक महेश गंगवानी, रमेश गजरानी, संयोजक अशोक राजवानी, गोपाल रचवानी उपस्थित थे। बैठक में मातृशक्ति के रूप में नेहा मोटवानी, दीपा बासवानी, पलक वाधवानी, सोनिया शर्मा, पूजा खेमानी, दिशा शर्मा और कोमल खत्री सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। अंत में आभार दीपा बासवानी ने माना।

## आईसीएआई ब्रांच को मिला 'स्पिरिचुअलिटी लीडरशिप अवॉर्ड-2025

उज्जैन। भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) की उज्जैन शाखा को मध्य भारत क्षेत्रीय परिषद (सीआईआरसी) ने 'स्पिरिचुअलिटी लीडरशिप अवॉर्ड-2025' से सम्मानित किया है। यह सम्मान शाखा को वर्ष भर की गतिविधियों और उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर प्रदान किया गया। उज्जैन शाखा अध्यक्ष सीए अकृत जैन ने बताया कि आईसीएआई के कुल पांच क्षेत्र हैं। प्रत्येक क्षेत्र अपने अधीन आने वाली शाखाओं को उनके वार्षिक प्रदर्शन के आधार पर पुरस्कृत करता है। सीआईआरसी के अंतर्गत कुल 61 शाखाएँ कार्यरत हैं, जिनमें से श्रेष्ठ कार्य के लिए उज्जैन ब्रांच का चयन इस प्रतिष्ठित पुरस्कार हेतु किया गया। इस उपलब्धि पर केंद्रीय परिषद सदस्य (सीसीएम) सीए अभय छाजेड़, सीए पंकज शाह और सीआईआरसी कोषाध्यक्ष एवं उज्जैन शाखा के पदेन सदस्य सीए अंकुश जैन का विशेष आभार व्यक्त किया गया। शाखा प्रबंधन का कहना है कि उनके सतत मार्गदर्शन और सहयोग से ही यह उपलब्धि हासिल हो सकी है। यह सम्मान उज्जैन ब्रांच के सभी सदस्यों के लिए गर्व का विषय है।

# पुलिस गिरफ्त में ट्रेवल्स गोडाउन में चोरी करने वाला पारदी

## सिक्के व नोट बरामद, सीसीटीवी में हुआ था कैद





उज्जैन। ट्रेवल्स गोदाम में चोरी की वारदात करने वाले बदमाश को पुलिस ने चंद घंटे की तलाश के बाद गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 15 हजार 130 रुपए के सिक्के और नोट बरामद किए गए हैं। बदमाश पारदी गिरोह का है। सीसीटीवी कैमरा की मदद से उसे पकड़ने में सफलता मिली है।

देवास गेट थाना पुलिस ने बताया कि दूध तलाई स्थित ट्रेवल्स गोडाउन (अशोक ट्रेवल्स एवं जयपुर ट्रेवल्स) जहां बसों के माध्यम से पार्सल प्रेषित किए जाते हैं। वहा चोरी की वारदात होना मंगलवार सुबह सामने आया था। बदमाश द्वारा छत के रास्ते चोरी को अंजाम दिया था और गल्ले में रखी नगदी चुरा कर ले गया था। पुलिस ने तत्काल ही सीसीटीवी कैमरो के फुटेज देखे जिसमें वारदात रात 2 बजे के लगभग होना सामने आई। पुलिस ने कैमरो की मदद से बदमाश का पता लगाने के प्रयास शुरू किया बदमाश कई स्थानों पर दिखाई दिया। जिसकी गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठित की गई और कुछ घंटे बाद ही रेलवे स्टेशन माल गोदाम के पास से बदमाश को हिरासत में ले लिया गया। जिसके बैग से चोरी किये 15 हजार 130 रुपये के नोट और सिक्के बरामद कर लिए गए। पुलिस के अनुसार बदमाश पारदी गिरोह का अशोक पिता भेरूलाल निवासी गुना होना सामने आया है। जिसका आपराधिक रिकॉर्ड तलाशा जा रहा है वहीं अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि बदमाश चामुंडा माता चौराहा पर वर्तमान में फुटपाथ पर निवास कर रहा था और मंदिर समिति की ओर से मिलने वाली भोजन प्रसादी से पेट भर कर अपना जीवन यापन कर रहा था। आशंका जताई गई है कि पूछताछ में कुछ और वारदातों का सुराग मिल सकता है।

### गिरवी रखी बाइक को लेकर 2 पक्षों में हुआ विवाद

उज्जैन। बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि रात 11 बजे दारूलुम मस्जिद के पास मोचीपुरा में सलमान पिता सरदार खां निवासी अडान मोहल्ला और लतीफ पिता मोहम्मद शरीफ निवासी टोरंटो कालोनी के बीच विवाद हो गया था। मामले में सलमान की ओर से लतीफ और उसके 2 साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। वहीं लतीफ की शिकायत पर कमाल खान, हुसैन खान और नोना खान के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है। सलमान का कहना था कि वह आटो गैरेज संचालित करता है। रुपयों की जरूरत होने पर लतीफ से 50 हजार रूपये लिये थे और बदले में जमानत के तौर पर बाइक लतीफ को दी थी। उससे उधार लिये रूपये लौटा चुका हूं। लतीफ से बाइक मांगी तो उसने कहा कि पैसे पूरे नहीं हुए है। अभी आकर बाइक की चाबी और आरसी कार्ड ले जा। वह दारूमुल मस्जिद के पास पहुंचा तो लतीफ और उसके साथियों ने मारपीट की। वहीं लतीफ का कहना था कि उसने कलाम खान को 60 हजार रुपये दिये थे। बदले में बाइक गिरवी रखी थी। कलाम ने 30 हजार रुपये लौटा दिये हैं, 30 हजार शेष है। कलाम प्रतिदिन बाइक की चाबी और गिरवी रखने के दौरान किया गया एग्रीमेंट लौटाने का बोल रहा था। मैंने कहा कि शेष रूपये लौटा दो और चाबी के साथ एग्रीमेंट ले जाओं। इसी बात पर रात में कलाम अपने साथियों के साथ आया तो मारपीट करने लगा। बीच बचाव में मामी जीनत, मामू वसीम और नाना मेहमूद आये तो उनके साथ भी मारपीट की गई।

## उज्जैन में भक्ति बनेगी रंग, मनेगा 'रंगभरी पधरावनी उत्सव'

उज्जैन। धर्मनगरी में यूं तो कार्यक्रम होते ही रहते हैं। लेकिन जहां पर धार्मिक आयोजन होता है तो शहरवासी बड़ी उत्सुकता से उसे सुनने और उसमें सहभागिता करने के लिये पहुंच ही जाते है। इसी क्रम में होली महोत्सव के अंतर्गत इस वर्ष एक अनूठी और भव्य शुरुआत होने जा रही है। शहर में संभवतः पहली बार बड़े स्तर पर 'रंगभरी पधरावनी उत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। रंगभरी ग्यारस के पावन अवसर पर यह कार्यक्रम 27 फरवरी 2026, शुक्रवार को गीता कॉलोनी स्थित अंश भवन में संपन्न होगा। वरिष्ठ समाजसेवी व आयोजक गोविंद यादव बबलू भैया ने बताया कि श्रीमद वल्लभाचार्य महाप्रभु की कृपा से आयोजित इस उत्सव का समय संध्या 6 बजे से रखा गया है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य कृष्ण प्रेम और भक्ति के आनंद-रस में सराबोर होना है। यह एक ऐसा प्रयास है जहाँ भक्ति ही रंग बन जाए और प्रेम ही उत्सव हो, ताकि नंदलाल का स्वागत हृदय से किया जा सके। यादव परिवार द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम अब्दालपुरा, गीता कॉलोनी स्थित अंश भवन में होगा। आयोजकों ने धर्मप्रेमी जनता को सपरिवार आमंत्रित करते हुए इस दिव्य मंगल उत्सव में सम्मिलित होकर पलों को स्मरणीय बनाने की अपील की है।

## खजूरवाली मस्जिद से केडी गेट चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण



उज्जैन। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा मंगलवार को निगम अधिकारियों के साथ कोयला फाटक से सोमवारिया चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण करते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय है कि कोयला फाटक से निकास खजूरवली मस्जिद से सोमवारिया तक निगम द्वारा चौड़ीकरण किया जा रहा है जिसका निगम आयुक्त मिश्रा द्वारा निरीक्षण करते हुए चौड़ीकरण कार्य के ठेकेदार को निर्देशित किया कि जो कार्य चल रहे हैं उसमें गति लाई जाए। इसके लिए संसाधन एवं मैनपॉवर बढ़ाया जाए ताकि जो समय अवधि कार्य की निश्चित की गई है उसमें उच्च गुणवत्ता पूर्वक कार्य पूर्ण हो सके। आयुक्त द्वारा के डी गेट से पत्ती बाजार तक नाले की खुदाई कार्य, पोल शिफ्टिंग कार्य, पानी की पाइप लाइन कार्य आदि के निर्देश निगम अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान राजकुमार राठौर, प्रवीण वाडिया उपयंत्री उपस्थित रहे।

### भील ठाकुर धर्मशाला पर कुर्की की कार्रवाई

उज्जैन। निगमआयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश के क्रम में बकाया संपत्ति कर जमा नहीं किए जाने पर जोन क्रमांक 3 के अंतर्गत नृसिंह घाट स्थित भील ठाकुर समाज धर्मशाला रुपए राशि 2,37,937 का बकाया होने पर विधिवत कार्रवाई कर धर्मशाला को सील किया गया। वहीं कांच का घोड़ा लखेड़वाड़ी स्थित मोहम्मद इमरान खान के भवन पर संपत्तिकर बकाया 70,645 रुपए की राशि का चेक प्राप्त किया गया। जोन क्रमांक 3 के अंतर्गत महाकाल क्षेत्र एवं जयसिंहपुरा क्षेत्र में बकाया संपत्ति कर भवन पर नोटिस चस्पा किए जाने की भी कार्रवाई की गई। कार्रवाई में सहायक राजस्व अधिकारी भारत मालवीय वार्ड निरीक्षक राजेश नरवरे एवं निषाद धारकर, जयंत सिंह सिसोदिया, अरविन्द टाकले, मुकेश वर्मा, प्रेम मालवीय विजय मालवीय मौजूद रहे।

# इंदौर के बदमाशों ने तोड़ा था सूने मकान का ताला

## एक माह बाद पकड़ाये, 5 लाख के जेवरात बरामद



**उज्जैन। एक माह पहले हुई चोरी की वारदात में शामिल 2 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बदमाशों से 5 लाख कीमत के आभूषण बरामद किए गए हैं । बदमाशों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा।**

नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के कृष्ण परिसर कॉलोनी में एक माह पहले अज्ञात बदमाशों द्वारा मकान का ताला तोड़कर आभूषण और नगदी के साथ कीमती सामान चोरी कर लिया गया था। नानाखेड़ा पुलिस द्वारा मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। इस दौरान सुराग मिला की चोरी में इंदौर के बदमाश शामिल है जिनकी तलाश शुरू की गई और तरुण उर्फ वरुण वर्मा के साथ अमन पाल को हिरासत में लिया गया। जिनसे पूछताछ की गई तो दोनों ने चोरी करना कबूल कर लिया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर सोने और चांदी के आभूषण कीमत 5 लाख बरामद किए हैं। दोनों से फिलहाल अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। दोनों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया जा सकता है। पुलिस के अनुसार वारदात विपिन कुमार के यहां हुई थी। वह 17 जनवरी को रिश्तेदारी में परिवार के साथ मुंबई गए हुए थे 25 जनवरी को वापस लौटने पर मकान का ताला टूटा मिला था। बता दें कि अभी पुरानी अनेक चोरियों का खुलासा पुलिस द्वारा नहीं किया गया है। जिससे भी चोरों के हौंसले बढ़ते ही जा रहे हैं। शहर में अनेक जगह पर हुई चोरियों में आज भी खुलासे का इंतजार है।

**होली उत्सव की तैयारी** — मार्ग व्यवस्थित एवं यातायात आदि की व्यवस्था करने की जिला प्रशासन से मांग

# रंगपंचमी पर 8 मार्च को निकलेगी भगवान महाकाल की गेर, तैयारियां शुरू



**नवभारत न्यूज**

उज्जैन। होली पर्व के साथ उज्जैन में परंपरागत गैर ध्वज चल समारोह निकलना शुरू हो जाते हैं। सबसे पहली गेर रंगपंचमी पर भगवान महाकाल की निकाली जाएगी। इस बार रंगपंचमी 8 मार्च को है।

महाकाल मंदिर से निकलने वाली गेर ध्वज चल समारोह की तैयारियां शुरू कर दी गई है। गेर के अध्यक्ष पुजारी आशीष गुरु ने बताया कि हमेशा की तरह इस बार भी बाबा की भव्य गेर निकाली जाएगी जिसमें 51 ध्वजों के साथ चांदी का ध्वज और बाबा महाकाल की सेहरा दर्शन एवं श्री वीरभद्र भैरवनाथ की परंपरागत झांकी के साथ रंग-बिरंगी रोशनी से झिलमिलाती अनेकों धार्मिक झांकियां, बैंड आदि शामिल रहेंगे। चल समारोह नगर के मध्य मार्गों से होकर निकलता है इसको ध्यान में रखते हुए मंदिर के पंडे-पुजारियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पूर्व से मार्ग पर उचित व्यवस्था करने एवं यातायात आदि को लेकर संबंधित विभाग को निर्देश जारी करें। ध्वज चल समारोह को लेकर पंडे-पुजारियों की एक बैठक भी रखी गई जिसमें व्यवस्थाओं सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई।

### मेधा शंकर महाकाल की भस्मारती में शामिल हुई



फिल्म अभिनेत्री मेधा शंकर मंगलवार की सुबह उज्जैन आई। उन्होंने भगवान महाकाल के दर्शन किए। इसके पहले वह भस्मारती में भी शामिल हुई। आरती के बाद उन्होंने भगवान का विधिवत पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद लिया। पूजन पुजारी राघव शर्मा ने संपन्न कराया। मंदिर प्रबंध समिति ने अभिनेत्री का स्वागत किया। मेधा शंकर दूसरी बार उज्जैन आई व महाकाल के दर्शन करने पहुंची। मेधा ने कई फिल्मों में अभिनय किया लेकिन साल 2023 में आई हिंदी फिल्म 12वीं फेल में खास पहचान बनाई।

### निर्माण कार्य से आएगी बाधा...!

भगवान महाकाल का जिस मार्ग से नगर में ध्वज चल समारोह निकलना है। उस मार्ग पर कई जगह निर्माण कार्य चल रहे हैं। ऐसे में चल समारोह के दौरान कोई परेशानी न आए इसको ध्यान में रखते हुए पंडे-पुजारियों ने महाकाल मंदिर समिति के सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल को साथ लेकर निरीक्षण किया व जानकारी प्राप्त की। इस संबंध में जिला प्रशासन के माध्यम से नगर निगम व अन्य संबंधित विभागों से ध्वज चल समारोह से पूर्व मार्ग व्यवस्थित करने की मांग की गई है।